राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
(ISO 9001:2015 प्रमाणित संगठन)
**National Cooperative Development Corporation**
(An ISO 9001:2015 Certified Organisation)

**NCDC**

पता / Address : Regional Directorate, Bora Service Station Bldg., G.S. Road, Ulubari, Guwahati-781007
दूरभाष /Phone : 0361-2526327
फेक्स /Fax : 0361-2544427
वेबसाइट /Website : www.ncdc.in
ईमेल /E-mail : RO.Guwahati@ncdc.in

**(A Statutory Corporation Under Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Govt. of India)**

File No. NCDC/99-01/2014(GWT) /379

Dated: 05.08.2020

To

The Registrar of Cooperative Societies,
Govt. of Tripura,
Agartala

Sub:- Press Release - Launch of SAHAKAR COOPTUBE NCDC CHANNEL by Union Agriculture Minister – Request for publication in local news paper – Reg.

महोदय,

1. The Ministry of Agriculture and Farmers Welfare is in the forefront of operationalising different aspects of ATMA NIRBHAR BHARAT call given by our Prime Minister. Cooperatives have a major role in the country in realizing or Prime Minister's dreams. NCDC is in the fore front of activities in translating the dreams into action by cooperatives.

2. In this context, Shri Narendra Singh Tomar, Hon'ble Union Agriculture Minister launched a new initiative by NCDC, the SAHAKAR COOPTUBE NCDC CHANNEL on 04.08.2020.

3. Press Release (English & Hindi) in this regard is enclosed.It is requested to publish the Press Release in News Papers in your State and State Official Website.

5. Your kind cooperation in this regard is requested.

Encl.: As stated above.

Yours sincerely

Lt. Col. Baljit Singh
Chief Director

Copy to:-

The Special Secretary (Cooperation), Government of Tripura, Agartala.

**PRESS RELEASE**
**Launch of SAHAKAR COOPTUBE NCDC CHANNEL by Union Agriculture Minister**

4 August 2020

1. The Ministry of Agriculture and Farmers Welfare is in the forefront of operationalizing different aspects of ATMA NIRBHAR BHARAT call given by our Prime Minister. Cooperatives have a major role in the country in realizing or Prime Minister's dreams. NCDC is in the fore front of activities in translating the dreams into action by cooperatives.

2. Shri Narendra Singh Tomar, Union Agriculture Minister today launched a new initiative by NCDC, the SAHAKAR COOPTUBE NCDC CHANNEL.

3. A key strategy in the ecosystem is to facilitate involvement of youth in cooperatives. Formation of new cooperatives is a prerequisite for bringing new life and dedication in the realm of cooperative movement. Towards this end, NCDC Design Studio has produced guidance videos on 'Formation and Registration of A Cooperative' for EIGHTEEN different states in Hindi and regional languages.

4. Cooperation being a state subject, each state has its own legal framework on formation and registration of cooperatives. Young people find it daunting to approach the authorities for registration of a new cooperative because of lack of information from a common source. Moreover, the related information is rarely available in simple and easily understandable manner for rural people who could form, register and manage cooperatives for their own socio-economic prosperity. It is a welcome step by NCDC to produce in-house short films or guidance videos on 'Formation and Registration of A Cooperative' in Hindi and other regional languages.

5. Cooperatives in India, have come a long way and have proven their success in improving the conditions of farmers and economic development. Largely as association of small and marginal farmers and rural poor, the cooperatives have acquired a huge network of over 8.50 lakh organizations and 290 million members. They have substantially contributed in raising income of their members and achieving rural prosperity. Cooperatives lend strength to farmers to minimize risks in agriculture and allied sector and act as shield against exploitation by unscrupulous trade.

6. The Union Government under Atma Nirbhar Bharat has recently announced a series of transformative measures and sector specific financial packages to help agriculture. The initiatives are steps towards One Nation One Market with the objective for India to become food factory of the world. The gamut of exhaustive reforms and measures are intended to strengthen all activities and services in agriculture, horticulture and allied sectors through creation and development of agriculture infrastructure, micro food enterprises, value chains and logistics for fishery and animal husbandry, medicinal and herbal plants, bee keeping and Operation Green. Significant legislative amendments have been made to create conducive environment for agriculture.

7. NCDC as an apex level statutory institution under my Ministry has achieved tremendous success with cumulative financial assistance to cooperatives to the tune of Rs1,54,000

crore. Beginning with meager disbursement of Rs.2.36 crores in 1963, NCDC disbursed around Rs.28,000 crore during 2019-20. NCDC has made a unprecedented progress in the last six years. It has achieved 83% of the cumulative financial assistance calculated since 1963, during these last six years alone.

8. NCDC with its pan India presence, has been in the forefront of creation of market linked business plan based ecosystem in agriculture and allied activities. It has launched various initiatives and programmes like SAHAKAR-22 to develop cooperatives in Focus 222 districts including aspirational districts, Nurturing Primary Level Cooperatives, SAHAKAR MITRA - Scheme on Internship Programme, and YUVA SAHAKAR- Start Up Scheme in Cooperatives and SAHAKAR PRAGYA for capacity development through its premier national academy named after the great cooperator, Shri Laxmanrao Inamdar Ji.

9. The guidance videos in different languages covering 18 States would strengthen and deepen the major initiatives of our Government to promote and form 10000 FPOs. NCDC has a major role in formation of FPOs in cooperative mode. More states would be added to the collection of guidance videos on NCDC SAHAKAR COOPTUBE CHANNEL in due course of time.

------------

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

## केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने किया एनसीडीसी का सहकार कॉपट्यूब चैनल लांच

## राज्यों के लिए 'सहकारी समितियों के गठन व पंजीकरण' के मार्गदर्शक वीडियो भी जारी

## सहकारिता हमारी संस्कृति की आत्मा, नई पीढ़ी भी इससे जुड़े- श्री तोमर

## सहकारिता के माध्यम से काफी बढ़ सकेंगे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर- श्री तोमर

**नई दिल्ली, 4 अगस्त 2020।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) का **सहकार कॉपट्यूब चैनल** लांच किया। एनसीडीसी ने वनस्टॉप चैनल के रूप में इंटरनेट पर अपना यह चैनल शुरू किया है, जो शुरूआत में हिंदी एवं 18 राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में रहेगा। श्री तोमर ने राज्यों के लिए 'सहकारी समितियों के गठन व पंजीकरण' के मार्गदर्शक वीडियो भी जारी किए। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि सहकारिता हमारी संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने सहकारिता से नई पीढ़ी के भी ज्यादा से ज्यादा लोगों के जुड़ने का आव्हान करते हुए कहा कि नए चैनल जैसी पहल से इस दिशा में जागरूकता आएगी। सहकारिता के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी काफी बढ़ सकेंगे।

श्री तोमर ने कहा कि जिस तरह परिवार में सभी लोग एक साथ रहते हुए किसी उद्देश्य के लिए काम करते हैं तो उसमें सफलता निश्चित रूप से मिलती है, उसी तरह सहकारिता के माध्यम से समूह में काम करने से निश्चय ही प्रगति होती है। श्री तोमर ने एनसीडीसी की प्रगति की तारीफ करते हुए कहा कि उसने एपेक्स सांविधिक संस्था के रूप में सहकारी संस्थाओं को 1,54,000 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता अभी तक दी है और कुल संवितरण का 83% (98 हजार करोड़ रू.) अकेले पिछले 6 वर्षों में ही किया हैं। सहकारिता क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि से जुड़ा हुआ है, जो इस चैनल के माध्यम से और आगे बढ़ सकेगा। श्री तोमर ने उम्मीद जताई कि नए चैनल पर सहकारिता को लेकर जागरूकता का प्रसार होगा और सहकारी समितियों के गठन के साथ ही नए प्रोजेक्ट बनाने आदि के बारे में भी मार्गदर्शन मिलेगा। चैनल पर पूरी प्रक्रिया बताए जाने से कोई धोखाधड़ी नहीं कर सकेगा। ज्यादा से ज्यादा युवा सहकारिता से जुड़ेंगे तो रोजगार का सृजन होगा और इसका लाभ कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा। टैक्नालाजी के उपयोग से समय व श्रम दोनों की बचत होगी। युवाओं का आकर्षण खेती की तरफ बढ़ेगा, पढ़े-लिखे युवा खेती-किसानी से जुड़ेंगे तो कृषि क्षेत्र के साथ ही देश की भी तरक्की होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जोर कृषि क्षेत्र के साथ ही सहकारिता को भी बढ़ावा देने पर है। प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषित दस हजार नए एफपीओ की योजना से भी सहकारिता को बल मिलेगा। भारत सरकार की अनेक योजनाएं हैं, जो कृषि क्षेत्र को बल देने

वाली है। इस क्षेत्र में व्यापक सुधार हो रहे है। इनका उद्देश्य कृषि, बागवानी एवं सम्बद्ध क्षेत्र तथा कृषि बुनियादी ढांचे के विकास, लघु- खाद्य उद्यमों, मूल्य श्रृंखलाओं व मत्स्य पालन एवं पशु पालन, औषधीय व हर्बल पौधों, मधुमक्खी पालन तथा ऑपरेशनल ग्रीन के विभिन्न अंगों में विविध प्रकार के संपूर्ण सुधार एवं उपाय तथा विभिन्न गतिविधियों एवं सेवाओं को मजबूत बनाना है। एक लाख करोड़ रूपए के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड सहित अन्य सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए भी केंद्र सरकार ने पैकेज घोषित किए हैं, जिनके माध्यम से आत्मनिर्भर भारत को आकार दिया जाना है। ये सब जमीन पर उतरे और एफपीओ की भूमिका सार्थक हो, किसानों की आय बढ़े, उत्पादन व उत्पादकता बढ़े, किसान ही प्रोसेसिंग, लेबलिंग व पैकिंग कर स्वयं उपज बेच सकें तो निश्चित रूप से उन्हें उचित मूल्य मिलेगा और आय बढ़ेगी। इस दृष्टि से पैकेज बहुत महत्वपूर्ण है, नए चैनल से भी इस दिशा में फायदा होगा।

यू-ट्यूब प्लेटफार्म पर चलने वाले, सहकार कॉपट्यूब चैनल की शुरूआत उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिसा, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल, गुजरात, पंजाब एवं कर्नाटक के मार्गदर्शक वीडियो के साथ की गई है। ये वीडियो एनसीडीसी के इन-हॉउस डिजाइन स्टूडियो ने विभिन्न राज्यों के लिए विविध भाषाओं में तैयार किए हैं। कार्यक्रम में एनसीडीसी के एमडी श्री संदीप कुमार नायक ने प्रारंभिक उद्बोधन दिया।